दिन–शुक्रवार दिनांक– 03/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान अंतिम दौर में पहुंच गया है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज सुपौल लोकसभा क्षेत्र के त्रिवेणीगंज और मधेपुरा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि आज के समय में बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा है, जिसपर प्रधानमंत्री समेत एनडीए के कोई भी नेता बात नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राजद जब राज्य की सत्ता में आई तक मात्र सत्रह महीने के अंदर पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गयी। श्री यादव ने लोगों से विकास के लिए इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की। इधर, एनडीए गठबंधन के नेता भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार जनसभा और रोड–शो कर रहे हैं। वामपंथी दलों का भी चुनाव प्रचार अभियान लगातार जारी है।

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दरभंगा में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी राज मैदान में आयोजित सभा में निवर्तमान सांसद और पार्टी प्रत्याशी गोपालजी ठाकुर के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुये सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है। इस चरण के तहत सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों में बीस मई को मतदान होना है। नामांकन पत्रों की जांच चार मई को की जायेगी जबकि उम्मीदवार छह मई तक अपना नाम वापस ले सकते हैं।

————————————————————————

बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे और सातवें चरण के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये हैं। पार्टी सचिव गौतम प्रसाद खरवार ने बताया कि बक्सर लोकसभा क्षेत्र से अनिल कुमार चौधरी, जहानाबाद से पूर्व सांसद अरूण कुमार, सासाराम से संतोष कुमार और वैशाली संसदीय क्षेत्र से शंभू कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। मुजफ्फरपुर निर्वाचन क्षेत्र से विजय कुमार, सारण से अविनाश कुमार और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से शशि स्वराज उम्मीदवार बनाये गये हैं।

वहीं, पार्टी ने पूर्वी चंपारण सीट से सत्यम यादव और शिवहर से बिजेन्द्र यादव ठाकुर को चुनावी मैदान में उतारा है।

———————————————————————

पछुआ हवा की रफ्तार में कमी आने से प्रदेश में मौसम के रूख में बदलाव आया है। अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। बावजूद इसके अधिकतम तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इकतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, आज शेखपुरा और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर लू की स्थिति बनी हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटे के बाद राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आ सकती है।

———————————————————————

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। यह दिवस प्रेस की स्वतंत्रता का महत्व रेखांकित करता है। इस वर्ष प्रेस स्वतंत्रता दिवस की थीम है– वैश्विक पर्यावरणीय संकट के दौर में प्रेस और पत्रकारिता का दायित्व। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतेरस ने कहा कि विश्व की पर्यावरणीय और जलवायु आपात स्थिति के बारे में लोगों को जागरुक करना पत्रकारों का दायित्व है। इस अवसर पर राज्य में विभिन्न मीडिया संगठनों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

पटना के बांसघाट इलाके में आज भीषण आग जाने से लगभग तीस घर जलकर नष्ट हो गये। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार सिलेंडर विस्फोट होने के कारण आग लगी। दमकल की कई गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

———————————————————————

नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र अन्तर्गत बोझवा गांव के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के खजुरिया मौजे बिन टोली से पुलिस ने बीस हजार रूपये के इनामी अपराधी चंदन को गिरफ्तार किया है। उसपर जिले के अलग–अलग थाने में कई मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

किशनगंज जिला कोषागार पदाधिकारी नरेन्द्र कुमार को उत्पाद विभाग की टीम ने शराब के नशे में गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रूद्र प्रकाश मिश्र ने आज शेखपुरा जिला न्यायालय का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने नवनिर्मित रिकॉर्ड रूम का उद्घाटन भी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।